भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 9
02 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष योजनाओं हेतु वित्तीय सहायता

9. श्री बसंत कुमार पंडा:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत नौ वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आयुष योजनाओं के अंतर्गत कालाहांडी और नुआपाड़ा जिलों सहित ओडिशा को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का योजना/परियोजना-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) कालाहांडी और नुआपाड़ा जिलों सहित ओडिशा में लाभार्थियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के पास अनुमोदन के लिए लंबित है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): आयुष मंत्रालय देश में आयुष पद्धतियों के विकास और संवर्धन के लिए ओडिशा सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना को कार्यान्वित कर रहा है। एनएएम के तहत, राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के अनुमोदित कार्यकलापों के लिए ओडिशा सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को धनराशि जारी की जा रही हैं, न कि जिला-वार। ओडिशा राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, ओडिशा राज्य सरकार को उनके एसएएपी में अनुमोदित विभिन्न गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए 2014-15 से 2021-22 तक केंद्रीय हिस्से के रूप में 8710.175 लाख रुपये की राशि जारी की गई है। वर्ष 2022-2023 और 2023-2024 (आज तक) के दौरान ओडिशा राज्य सरकार को व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार उन शर्तों को, जिसमें वे केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के तहत राशि जारी करने के लिए पात्र हों, पूरा न करने के कारण राशि जारी नहीं की जा सकी। राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार ओडिशा में एनएएम के अंतर्गत लाभार्थियों की वर्ष-वार और जिला-वार संख्या **संलग्नक** पर दी गई है।

इसके अलावा, आयुष मंत्रालय के एक स्वायत्त संगठन केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) के अधीन ओडिशा में केन्द्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई), भुवनेश्वर कार्यशील है। 2014-15 से 2023-24 तक पिछले नौ वर्षों के दौरान, सीएआरआई भुवनेश्वर के लिए कुल 6555.32 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

पिछले 9 वर्षों और चालू वर्ष (दिसंबर-23 तक) के दौरान लाभार्थियों की कार्यक्रम-वार संख्या निम्नानुसार है:

1. **नैदानिक अनुसंधान:** 12 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

2. **स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं:** ओडिशा राज्य में, कुल 170621 रोगियों का ओपीडी के माध्यम से इलाज किया गया और 4477 रोगियों को सीएआरआई, भुवनेश्वर में आईपीडी में भर्ती किया गया।
3. **आउटरीच गतिविधियां:** सीएआरआई, भुवनेश्वर के माध्यम से, निम्नलिखित कार्यक्रमों के तहत स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

- **जनजातीय स्वास्थ्य देखभाल अनुसंधान कार्यक्रम:-** कुल 66773 अनुसूचित जनजाति आबादी का सर्वेक्षण किया गया और 35397 रोगियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई जिनमें से 34259 अनुसूचित जनजाति से संबंधित थे।
- **अनुसूचित जाति उप योजना के तहत आयुर्वेद मोबाइल स्वास्थ्य परिचर्या कार्यक्रम:-** अनुसूचित जाति की कुल 60236 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया और 50469 रोगियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई जिनमें से 50389 अनुसूचित जाति से संबंधित थे।
- **अनुसूचित जाति उप योजना के तहत महिला एवं बाल स्वास्थ्य परिचर्या कार्यक्रम:-** अनुसूचित जाति की कुल 20930 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया और 19349 रोगियों (13710 महिलाएं एवं 5639 बच्चे) को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

*****

संलग्नक

एनएएम के तहत ओडिशा में लाभार्थियों की वर्ष-वार और जिला-वार संख्या

क्र.सं.	जिले का नाम	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
1	अंगुल	357596	191291	83089	91397
2	बालासोर	589830	469827	278912	306802
3	बारगढ़	468934	372811	117716	131484
4	भद्रक	423097	377044	198022	217823
5	बोलंगीर	567210	406461	204964	69575
6	बौध	155404	76197	46340	50973
7	कटक	604063	314257	69128	147120
8	देवगढ़	143151	111656	74439	81882
9	ढेंकनाल	362731	184226	77986	85784
10	गजपति	118201	33519	5800	6380
11	गंजम	987494	463679	76328	86136
12	जगतसिंहपुर	275585	192559	16564	56960
13	जाजपुर	360369	220996	41236	45358
14	झारसुगुडा	220541	115473	47889	52677
15	कालाहांडी	316859	175477	56852	62536
16	कंधमाल	301397	114999	67610	74370
17	केंद्रपाड़ा	265645	166926	30064	33070
18	क्योंझर	604013	471129	314087	345495
19	खुर्दा	782648	133977	120623	100599
20	कोरापुट	347453	197002	104429	114871
21	मल्कानगिरी	183101	100947	55790	61368
22	मयूरभंज	819179	449500	271173	298290
23	नुआपाड़ा	222585	134503	86050	94654
24	नवरंगपुर	389307	105411	30828	33910
25	नयागढ़	346058	140998	43799	53777
26	पुरी	596072	147687	79086	89838
27	रायगढ़	323750	176469	92366	101602
28	संबलपुर	369181	164798	84834	94784
29	सुबर्णपुर/सोनेपुर	172385	97172	54757	60232
30	सुंदरगढ़	659605	131812	49773	58341
कुल		**12333444**	**6438803**	**2880534**	**3108088**